छठ घाटों पर सुरक्षा और सुविधाओं को लेकर प्रशासन सख्त, वॉच टावर होंगे नंबरिंग

बाहरी क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के रात्रि विश्राम की होगी व्यवस्था

समय पर काम पूरा करें : डीएम

(आज समाचार सेवा)

पटना। छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय सीमा में पूरी करने का निर्देश दिया है। सोमवार को समाहरणालय में छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों के साथ हुई बैठक में घाटों पर प्रवेश निकास, प्रकाश, स्वच्छता, चेंजिंग रूम और आपदा प्रबंधन से जुड़े इंतजामों की समीक्षा की गई। बैठक में पूजा समितियों ने घाटों तक पहुंच पथ दुरुस्त करने, पर्याप्त प्रवेश एवं निकास द्वार बनाने और रोशनी की बेहतर व्यवस्था करने का सुझाव दिया। दूसरे क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कुछ घाटों पर रात्रि विश्राम की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई गई। इसके अलावा पर्याप्त नावों, एनडीआरएफ की टीमों और प्रशिक्षित गोताखोरों की तैनाती पर जोर दिया गया। भीड़ प्रबंधन को लेकर वॉच टावरों को क्रमांकित करने का सुझाव दिया गया। इससे भीड़ में बिछुड़े लोगों को संबंधित वॉच टावर तक पहुंचाने और उनकी पहचान करने में आसानी होगी। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सभी घाटों पर पहुंच पथ, प्रवेश निकास मार्ग, प्रकाश, स्वच्छता और चेंजिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। प्रमुख घाटों पर नावों, एनडीआरएफ की टीमों और गोताखोरों की पर्याप्त उपलब्धता रखने का निर्देश दिया। उन्होंने अनुमंडल पदाधिकारियों को अपने क्षेत्रों के छठ स्थलों का नियमित निरीक्षण और अनुश्रवण करने को कहा। जिलाधिकारी ने कहा कि छठ बिहार की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान से जुड़ा महत्वपूर्ण पर्व है।

पटना (आससे)। छठ महापर्व को लेकर जिला प्रशासन ने घाटों पर



तैयारियां तेज कर दी हैं। जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के शर्मा के साथ कंगन घाट, एनआईटी घाट, कृष्णा घाट और लॉ कॉलेज घाट समेत विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर चल रहे कार्यों और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी कार्यों में तेजी लाने और निर्धारित समय सीमा के भीतर तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि घाटों तक पहुंच पथ, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों में किसी प्रकार की कमी नहीं रहनी चाहिए। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन को ध्यान में रखते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को तैयारियों के प्रत्येक पहलू पर बारीकी से नजर रखने और उपलब्ध संसाधनों का नियमित अनुश्रवण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट किया कि छठ महापर्व में बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर पहुंचते हैं। ऐसे में उनकी सुविधा और सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय से पूरी जिम्मेदारी के साथ काम करें। निरीक्षण के दौरान संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

लाखों श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करते हैं। ऐसे में सभी को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। तैयारियों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसएसपी कार्तिकेय के शर्मा ने कहा कि विधि.व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात प्रबंधन के लिए व्यापक इंतजाम किए जा रहे हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से निर्धारित यातायात योजना का पालन करने और वाहनों को तय पार्किंग स्थलों पर ही खड़ा करने की अपील की। नगर आयुक्त यशपाल मीणा ने कहा कि पूजा समितियों से मिले सुझावों और घाटों के निरीक्षण में सामने आई कमियों को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाएगा। सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय पर तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया गया है।



अपने आवास पर दीया जलाते मंत्री विजय कुमार सिन्हा।



अपने परिवार के साथ दीपावली मनाते तेजस्वी प्रसाद यादव।

11 को चित्रगुप्ता पूजा, 12 को सहाय सदन से निकलेगी सामूहिक विसर्जन सह शोभायात्रा

पटना (आससे)। चित्रगुप्ता पूजा के अवसर पर इस वर्ष ११ नवंबर को पूजा- अर्चना तथा १२ नवंबर को श्री चित्रगुप्ता प्रतिमाओं का सामूहिक विसर्जन सह शोभायात्रा सादगीपूर्ण एवं शांतिपूर्ण वातावरण में आयोजित की जाएगी। पूर्व राज्य सभा सांसद, भाजपा के संस्थापक सदस्य, एसआईएस के संस्थापक तथा श्री चित्रगुप्त आदि मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यख रहे डा.आर.के.सिन्हा के निधन के कारण इस वर्ष दोनों आयोजनों को उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सादगी के साथ सम्पन्न करने का निर्णय लिया गया है। सहाय सदन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय डा. आर.के.सिन्हा का सामाजिक, धार्मिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र में अतुलनीय योगदान रहा है।

वे चित्रगुप्ता पूजा और सामूहिक विसर्जन सह शोभायात्रा में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते थे। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि नंदन सहाय के निधन के बाद भी डा.सिन्हा ने संगठन और समाज को अपनी सक्रियता से मजबूती प्रदान की थी। उनके प्रति सम्मान एवं श्रद्धांजलि के भाव से इस बार सभी पूजा समितियों से सादगी बनाये रखने की अपील की गयी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी सादगीपूर्ण ढंग से आयोजित किये जाएंगे। इच्छुक पूजा समितियां अपनी सुविधानुसार



भजन संध्या का आयोजन कर सकेंगी। साथ ही जिनको भी भाई भोज का आयोजन करना है, करेंगे। १२ नवंबर को पटना की विभिन्न पूजा समितियों की श्री चित्रगुप्त प्रतिमाएं सहाय सदन में एकत्रित होंगी। यहां से सामूहिक विसर्जन सह शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से होते हुए पटना सिटी स्थित चित्रगुप्ता आदि मंदिर पहुंचेगी। मंदिर में आरती के पश्चात मंदिर परिसर में निर्मित तालाब में सभी प्रतिमाओं का सामूहिक विसर्जन किया जाएगा।

विसर्जन कार्यक्रम के बाद श्रद्धालु पाटलिपुत्र स्थित स्व.डा. आर.के.सिन्हा के निजी आवास 'अन्नपूर्णा' पहुंचकर उनके श्राद्धकर्म में शामिल होंगे। शोभा यात्रा का कंकड़बाग में कल्याण ज्वेलर्स के सामने तथा बजरंगपुरी में शनिचरा मंदिर के पास विभिन्न पूजा समितियों की ओर से आरती कर सारगीपूर्ण स्वागत किया जाएगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस को कायस्थ महासभा सहाय सदन के अध्यक्ष सुजीत कुमार वर्मा, श्री चित्रगुप्ता आदि मंदिर प्रबंधक समिति के संरक्षक सह कार्यकारी अध्यक्ष प्रो. निर्मल कुमार श्रीवास्तव, गोपाल कृष्ण, सुदामा सिन्हा, संजय कुमार सिन्हा, अमिताभ वर्मा, अरुण कर्ण, राजेश सिन्हा, मनोज कुमार 'मनोज', शालिनी सिन्हा, प्रीति बरियार, अश्विनी सिन्हा 'पंकज', अप्पलेंद्र सिन्हा 'अप्पू', अनवीत कुमार, संजय कुमार श्रीवास्तव, मनोज कुमार (अधिवक्ता) एवं राकेश रंजन (अधिवक्ता), सिंधु वर्मा सहित अनेक गण्यमान्य लोग उपस्थित थे।

डॉक्टर ने अपनी पत्नी की गोली मार की हत्या

हाजीपुर (आससे)। दीपावली की रात हाजीपुर के राजपूत नगर रोड नंबर 2 में गोली चलने की आवाज से दहशत फैल गई। औद्योगिक थाना क्षेत्र में डॉक्टर ने अपनी पत्नी को लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह फरार हो गया।मृतका की पहचान नीलू सिंह (48) के रूप में हुई है। वह महनार के महिंदवारा गांव निवासी उमेश प्रसाद सिंह उर्फ डुनमून सिंह की बेटी थीं। पति की पहचान राजपूत कॉलोनी निवासी दंत चिकित्सक डॉ. राकेश सिंह चौहान के रूप में हुई है। गोली सिर के आर-पार निकल गई, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। जिस घर में त्योहार की खुशियां मनाई जा रही थीं, वहां मातम पसर गया।

वर्गीकृत

शपथ पत्र

मैं, सौरभ विजय, पिता-रामानंद पासवान, निवास-ग्राम-सैदपुर, पो.-करौटा, थाना-सालिमपुर, जिला-पटना (बिहार)-803202, शपथ पत्र सं.-621 ता. 3.10.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि आधार कार्ड में मेरा नाम सौरभ विजय है लेकिन मेरे मार्कशीट में मेरा नाम मनिकेश कुमार है, जो सही है। अब मैं मनिकेश कुमार के नाम से जाना एवं पहचाना जाऊंगा।

Name Change

I, hitherto known as Mohammad Fakruddin (Old Name) Son of Md Iftekhar Ahmad (father name) residing at Mahesh Asthan P.O.-Ratwara Bindwara, P.S.-Aurai Distt.-Muzaffarpur (Residential address) have changed my name and shall hereafter be known as Mohammad Fakhruddin (New Name). It is certified that I have complied with name and legal requirements in this connection.

नाम परिवर्तन

मैं, अविनाश कुमार शर्मा, पुत्र अम्बिका प्रसाद शर्मा, निवास-बिग्रहपुर बस स्टैण्ड के पास, पटना-800001 शपथ पत्र सं. 94 ता. 30.10.26 द्वारा यह घोषणा करता हूं कि अविनाश कुमार शर्मा एवं अविनाश कुमार दोनों नाम मेरा ही है। मैं इन दोनों नामो से जाना एवं पहचाना जाता हूं। मेरा ICICI Bond No. 4325858 है।
CM-07812

Affidavit

I, RAJENDRA KUMAR, S/o – RAM EKBAL SINGH, R/o – Rewai, Mau, Gaya, Bihar – 824235. Do hereby solemnly affirm and declare that in my son's (ASHISH RANJAN) Aadhaar card his name is mentioned as PRINCE KUMAR. But, in his educational documents of class 10th (CBSE) and in intermediate (BSEB) his name is mentioned as ASHISH RANJAN. Here, both the names PRINCE KUMAR and ASHISH RANJAN belong to the names of my same son. And, from now in his future he will be known as ASHISH RANJAN for all his legal purposes. Affidavit no. – 10 Date: - 16/10/2026.

Name Change

I, AMARJEET KUMAR, S/o – LATE RAM SUNDAR SHARMA, R/o – Vill – Mirzapur, P.S. - Didarganj, P.O. – Rukunpur, Rukunpura, Fatuha, Patna, Bihar – 803201. Do hereby solemnly affirm and declare that in my son's (HARSHIT RAJ) birth certificate as well as in his school his name is mentioned as HARSHIT RAJ. But, in his Aadhaar card his name is mentioned as ARMAN RAJ. And, from now in his future he will be known as HARSHIT RAJ for all his legal purposes. Affidavit no. – 4492 Date: - 12/10/2026 .

पाठकों से

'आज' में छपे किसी भी विज्ञापन के सम्बन्ध में पाठक स्वत: जांच करके कार्य करें। इसके संबंध में कोई भी दावा 'आज' प्रकाशन पर न होगा।
प्रबंधक

शपथ पत्र

मैं सदन कुमार, पिता रामशरण प्रसाद, ग्राम+पोस्ट-महानंदपुर, थाना-दीपनगर, जिला-नालंदा, राज्य-बिहार का स्थायी निवासी हूं। मैं शपथ पत्र संख्या 40917 दिनांक 30.10.2026 के माध्यम से घोषणा करता हूं कि मेरा आधार कार्ड संख्या 973437465934 में मेरा नाम सदन कुमार है जबकि भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी के पॉलिसी संख्या-513326103 में मेरा नाम सत्येन्द्र कुमार हो गया है। सदन कुमार एवं सत्येन्द्र कुमार दोनों मेरा ही नाम है। मैं दोनों नामों से जाना एवं पहचाना जाता हूं।

शपथ पत्र

मैं संगोजा देवी पति हरिओम यादव ग्राम हसौरा पो.-जहानाबाद थाना-जिला जहानाबाद। मेरे नाम से आधार कार्ड निर्गत किया गया है जिसका आधार नं 2232 7727 4751 है जिस पर मेरा नाम संगोजा देवी पति हरिओम यादव दर्ज है। मेरे नाम से एक खाता पंजाब नेशनल बैंक, जहानाबाद का है जिसका खाता नं-19391001000 29782 है जिस पर मेरा नाम संगोजा देवी है। मेरे नाम से एक पॉलिसी भारतीय जीवन बीमा निगम जहानाबाद का है जिसका पालिसी नं 51786 3457 दिनांक 08.09.2011 है जिसपर मेरी नाम सरोज देवी दर्ज है। संगोजा देवी एवं सरोज देवी पति हरिओम यादव दोनों नाम मेरा ही है। मैं दोनों नामों से जानी एवं पहचानी जाती हूँ। शपथ पत्र संख्या 23878/06.10.26

शपथ पत्र

मैं, विनीत कुमार उर्फ विनोद कुमार, पिता जयप्रकाश सिंह, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम छतवारा खाशपट्टी माधोपुर निझमा, जिला वैशाली, बिहार, शपथपूर्वक घोषणा करता हूं कि मेरे आधार कार्ड में नाम विनोद कुमार तथा मतदाता पहचान पत्र एवं विद्यालय स्थानांतरण प्रमाणपत्र में नाम विनीत कुमार अंकित है। दोनों नाम मेरे ही हैं और मैं एक ही व्यक्ति हूं। आधार कार्ड में यह अंतर त्रुटिवश है। यह शपथपत्र संबंधित प्राधिकार के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु बनाया गया है।

Name Change

I, AMIT KUMAR BHARTI, S/o – PAWAN KUMAR MANDAL, R/o – Village – Mahuar, katihar, Bihar - 854116. Do hereby solemnly affirm and declare that in my daughter's (ISHIKA BHARTI) Aadhaar card her name is mentioned as BHAVPRITA KUMARI. But, in her birth certificate as well as in her school her name is mentioned as ISHIKA BHARTI. Here, both the names belong to the names of my same daughter. And, from now in her future she will be known as ISHIKA BHARTI for all her legal purposes. Affidavit no. – 09 Date : - 26/10/2026.

Affidavit

I, PRAMOD NANDAN PRASAD, S/o – SURYANANDAN PRASAD, R/o – Near S B School, Maula Bagh, Ara, Bhojpur, Arrah, Bihar – 802301. Do hereby solemnly affirm and declare that in my daughter's (PRISHA KUMARI) Aadhaar card her name is mentioned as RUNJHUN KUMARI. But, in her birth certificate as well as in her school her name is mentioned as PRISHA KUMARI. Here, both the names belong to the names of my same daughter. And, from now in her future she will be known as PRISHA KUMARI for all her legal purposes. Affidavit No. – 59604 Date: - 28/10/2026.

बहोरनपुर का चौकीदार गिरफ्तार

बिहिया (भोजपुर)। भोजपुर जिले के बहोरनपुर थाना क्षेत्र के चर्चित मामले में चौकीदार शिवचंद यादव की संलिप्तता सामने आने के बाद बहोरनपुर ओपी थानाध्यक्ष अजय कुमार ने गौरा बाजार से छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। और पुलिस ने चरपोखरी थाना कांड संख्या 195/26 के अप्रथामिकी मामले में गिरफ्तार कर भेज दिया है। पुलिस अब बहोरनपुर के दो मामले में रिमांड पर लेगा। बता दें कि बहोरनपुर थाना कांड संख्या 98/26 के अभियुक्त मुकेश कुमार शाह, जो ग्राम दामोदरपुर थाना बहोरनपुर का रहने वाला है, वे अपने बयान में बताया कि चौकीदार शिवचंद यादव द्वारा उससे हर महीने 3 हजार से 3,500 रुपए की अवैध मांग की जाती थी। पैसे नहीं देने पर चौकीदार हमेशा 3-4 लड़कों को उसके घर पर ले जाकर जबरन बीयर पिलवाता था और पैसे भी नहीं देता था। इसी प्रताड़ना और दबाव के बीच जांच में चौकीदार शिवचंद यादव का नाम मुख्य रूप से सामने आया है।

शपथ पत्र

मैं, संजीत यादव उर्फ संजीत कुमार राय, पिता-शर्मा यादव उर्फ शर्मा राय, निवासी ग्राम-अलेखी टोला, पो.-नेकनाम टोला, थाना-बड़हरा, जिला-भोजपुर बिहार-802311, शपथ पत्र सं.-60294 दि. 03.11.26 द्वारा सूचित करता हूं कि मेरे खाता सं.-48050100003533 में मेरा नाम संजीत कुमार राय (Sanjeet Kumar Ray), पिता-शर्मा राय (Sharma Ray) एवं जन्म तिथि 01.01.1999 दर्ज हो गया है, जो गलत है। मेरे आधार कार्ड सं.-374805186648 में मेरा नाम संजीत यादव (Sanjeet Yadav), पिता-शर्मा यादव (Sharma Yadav) एवं जन्म तिथि 28.07.1999 दर्ज है, जो सही है।
9/482/26

AFFIDAVIT

I, SHAJDI RANGREJ D/o SULEMAN W/o MD.YUNUS NAYEEM R/o Almijan Nagar, Nohsa, Phulwari Sharif, Phulwari, PO: Phulwarisharif, DIST: Patna, Bihar - 801505, have changed the name of my minor daughter RANI PRAVEEN aged 16 years and she shall hereafter be known as RANI PRATHAM RANGREJ, I have changed only her name, not her religion.

शपथ पत्र

मैं, रणविजय कुमार सिंह पिता स्व. बालेश्वर प्रसाद सिंह, स्थायी पता-ग्राम + पोस्ट-शंभूपट्टी, थाना- समस्तीपुर (नया कर्पूरी ग्राम), जिला-समस्तीपुर, पिन-848129 (बिहार), वर्तमान पता राजीव नगर, रोड नं.- 25ए, थाना- राजीव नगर, जिला पटना, पिन 800024, बिहार का निवासी हूँ शपथपूर्वक बयान करता हूँ कि पुत्र के आधार कार्ड में उसका नाम 'उज्जवल' अंकित है, अब मैं अपने पुत्र 'उज्जवल' के नाम में अपना सरनेम 'सिंह' अंकित करवाना चाहता हूं। अब से मेरा पुत्र 'उज्जवल' के जगह पर 'उज्जवल सिंह' के नाम से जाना व पहचाना जायेगा। Afdt no-3695 Date-05.11.2026

NAME CHANGE

I, SANGITA KUMARI (संगीता कुमार), D/o–YAMUNA YADAV, R/o–Vill–Kamal Pipra, Ward No. – 02, P.O.–Nauwadih, P.S.–Pahadpur, Dist.–East Champaran, Bihar - 845458. Do hereby solemnly affirm and declare that in my Aadhar card my name is mentioned as SANGITA YADAV (संगीता यादव). But, in my birth certificate as well as in my School leaving certificate my name is mentioned as SANGITA KUMARI (संगीता कुमार). Here, both the names belong to the names of the same person. And, from now in my future I will be known as SANGITA KUMARI (संगीता कुमार) for all my legal purposes. Affidavit no. – 6928 Date: - 07/11/2026

25 हजार ड्राईफ्रूट्स से बनी भगवान चित्रगुप्त की अनोखी प्रतिमा

पटना (आससे)। बिहार समेत पूरे देश में ११ नवंबर को भगवान श्रीचित्रगुप्त की पूजा धूमधाम से मनायी जाएगी। इसको लेकर राधानी पटना में भी तैयारियों शुरू हो गयी हैं। इस वर्ष पटना में पिस्ता-काजू से बनी भगवान चित्रगुप्त की अनोखी प्रतिमा श्रद्धालुओं आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है। बहादुरपुर हाउसिंग कॉलोनी स्थित भूतनाथ में कायस्थ चित्रगुप्त सेना, बिहार प्रदेश की ओर से भगवान चित्रगुप्त की यह विशेष प्रतिमा स्थापित की गयी है। पटना के मूर्तिकार जितेंद्र ने इस अनोखी प्रतिमा को तैयारी किया है। इसे बनाने में करीब २५ हजार पिस्ता-काजू और अन्य ड्राईफ्रूट्स का इस्तेमाल किया गया है। प्रतिमा में काजू, पिस्ता, किसमिस, अखरोट, मखाना और खीरे के बीज सहित कई सामग्रियों का उपयोग किया गया है। प्रतिमा की सबसे खास बात इसकी आकर्षक बनावट है। भगवान चित्रगुप्त के सिर को पिस्ते को सीधे चिपकाकर तैयार किया गया है।

वहीं उनके शरीर और दोनों हाथों को भी पिस्ते के छिलकों से बनाया गया है। छिलकों को उलटा चिपकाया गया है, जिससे शरीर का स्वरूप सिर से अगल दिखायी देता है।

भगवान चित्रगुप्त की निचली



पोशाक को विशेष रूप से काजू की बाहरी परत से तैयार किया गया है।

कायस्थ चित्रगुप्त सेना, बिहार प्रदेश के सेनाध्यक्ष पाण्डेय अखिलेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्ता की पूजा का आयोजन स्वागत बैंक्वेट हॉल, भूतनाथ, पटना में किया गया है। इस वर्ष पिस्ता-काजू से भगवान चित्रगुप्ता की विशेष प्रतिमा तैयार करायी गयी है। इसमें काजू, पिस्ता, किसमिस, अखरोट, मखाना और खीरे के बीज सहित विभिन्न सामग्रियों का इस्तेमाल किया गया है। गौरतलब है कि कायस्थ चित्रगुप्ता सेना, बिहार प्रदेश वर्ष १९८५ से लगातार प्रत्येक वर्ष भव्य तरीके से चित्रगुप्ता पूजा का आयोजन करती आ रही है।

श्रवण ने किया बड़गांव छठ घाट की व्यवस्था का निरीक्षण

छठव्रतियों को नहीं होगी असुविधा

बिहारशरीफ। लोक आस्था के महान पर्व छठ पूजा की तैयारियों का जायजा लेने के लिए बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना जनसंपर्क मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार ने ऐतिहासिक बड़गांव धाम का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों के साथ छठ घाटों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि ऐतिहा. सिक बड़गांव धाम का छठ घाट अपनी भव्यता के लिए प्रसिद्ध है, जहां लाखों श्रद्धालु अर्घ्य देने पहुंचते हैं। सरकार का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि छठ व्रतियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि घाटों की साफ-सफाई, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था समय से पहले पूरी कर ली जाए। तालाब और उसके आसपास के परिसरों में गंदगी बिल्कुल न रहे, इसके लिए विशेष अभियान चलाने के साथ-साथ उन्होंने स्थानीय लोगों से भी इस पवित्र कार्य में सहयोग की अपील की। छठ महापर्व को बिहार की संस्कृति की आत्मा बताते हुए मंत्री ने कहा कि यह सिर्फ एक



त्योहार नहीं बल्कि अटूट आस्था और परंपरा का महापर्व है, जिसमें व्रती 36 घंटे का कठिन निर्जला उपवास रखते हैं। राज्य सरकार इस महापर्व को पूरी श्रद्धा और भव्यता के साथ संपन्न कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। श्रद्धालुओं की सुविधाओं की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से व्रती भाई-बहनों और माताओं के ठहरने के लिए 5-5 हजार की क्षमता वाले दो जर्मन हैंगर पंडाल तथा बांस वाले चार पंडाल बनाए जा रहे हैं। इसके अलावा क्षेत्र में 16 चलंत शौचालय, 45 स्थायी शौचालय, 10 चेंजिंग रूम, शुद्ध पेयजल की आपूर्ति, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था (लाइटनिंग) और सुचारू पार्किंग के इंतजाम के निर्देश दिए गए हैं। आवागमन को सुगम बनाने के लिए माइकिंग से लगातार सूचनाएं प्रसारित करने तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एनडीआरएफ की टीम और आपदा प्रबंधन को पूरी तरह मुस्तैद रहने को कहा गया है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने भी इस अवसर पर कहा कि छठ महापर्व देश का सबसे महान पर्व है और सरकार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रही है। इस निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ जदयू नेता राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य डॉ. अरविंद कुमार, अरुण वर्मा, जदयू प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, रंजीत मुखिया, सुजीत सिंह, मुकेश सिंह, विजय कुमार, संजय कुशवाहा, मुन्नी सरपंच, सचिन पटेल, रूपेश कुमार, मनोज कुमार वर्मा, चंद्रप्रकाश वर्मा, अधिवक्ता नंदकिशोर प्रसाद, सुधीर सिंह, सिपाही जी, दीपू कुमार, बंटू सिंह, सिलाव के प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रहलाद कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी राजन कुमार सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।


पोखर में मिला महिला का शव

बनमनखी (पूर्णिया) (आससे)। पोखर में ग्रामीणों ने सुबह घूमने के दौरान देखा कि एक महिला का शव सुखिया मध्य विद्यालय के समीप पड़ा हुआ है जिस संदर्भ में बनमनखी थाना को ग्रामीणों ने सूचित किया इस मौके पर त्वरित बनमनखी थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु ने पुलिस बल की टीम को भेजा और शव को अपने कब्जे में लिया जिसे पोस्टमार्टम हेतु पूर्णिया भेजा गया वही मृतक शव की पहचान बनमनखी प्रखंड क्षेत्र के पंचायत मोहनिया चकला वार्ड नंबर 14 की निवासी अनीता देवी उम्र लगभग 45 वर्ष पति कारीलाल यादव मोहनिया परवत्ता टोला के रूप में पहचान की गई वहीं इस घटना को लेकर बनमनखी थाना अध्यक्ष विजय कुमार यादवेंदु ने कहा कि मृतक के परिजनों द्वारा आवेदन प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थ तस्करी का भंडाफोड़

2.050 किलो अफीम के साथ तीन गिरफ्तार

मोतिहारी (आससे)। भारत-नेपाल सीमा पर मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में छौड़ादानों पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस एवं एसएसबी की संयुक्त टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए 2.050 किलोग्राम अफीम जैसे मादक पदार्थ के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। बरामद मादक पदार्थ की अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई जा रही है। कार्रवाई के दौरान तस्करी में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा और तीन मोबाइल फोन भी जब्त किए गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 08 नवंबर 2026 को महुआवा स्थित एसएसबी की 71वीं वाहिनी के ए समवाय को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ व्यक्तियों द्वारा नेपाल से मादक पदार्थ की खेप भारतीय क्षेत्र में लाई जा रही है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए इसके सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सदर रक्सौल श्री मनीष आनंद के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम गठित की गई। गठित टीम ने स्स्कके जवानों के साथ मिलकर छौड़ादानों थाना क्षेत्र के ग्राम घरहरी के समीप सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसी दौरान



संदिग्ध ई-रिक्शा की तलाशी ली गई, जिसमें से 2.050 किलोग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ बरामद हुआ। मौके से तीन व्यक्तियों को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया गया।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान छौड़ादानों थाना क्षेत्र के मसही गांव निवासी फिरोज अहमद, पिता ताज मोहम्मद, जीतपुर निवासी विपिन कुमार, पिता विनोद चौधरी तथा नेपाल के बारा जिला अंतर्गत सिमरोनगढ़ के पकड़िया (चिकनी) निवासी दिलीप कुमार, पिता नंदू सहनी के रूप में हुई है।तीन मोबाइल और ई-रिक्शा भी जब्त ।पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.050 किलोग्राम अफीम जैसा मादक पदार्थ, एक ई-रिक्शा और तीन मोबाइल फोन बरामद किए हैं। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 20 लाख रुपये बताई गई है।

पुलिस अब इस बात की जांच में जुटी है कि मादक पदार्थ की खेप नेपाल से कहां से लाई गई थी और इसे भारतीय क्षेत्र में किन लोगों तक पहुंचाया जाना था। साथ ही तस्करी के इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।